2 फरीदाबाद
लापरवाही : बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं हाईटेंशन बिजली के तार

6 अभिमत
शिक्षकों की व्यापक भूमिका

9 देश-विदेश
सरकार किसानों की आय पर श्वेत पत्र लाए : कांग्रेस

11 धर्म
मीनाक्षी मंदिर, जहां हुआ था शिव और पार्वती का विवाह

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, शुक्रवार, 30 दिसंबर, 2022

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए You Tube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर श्रृंखला जीती
पेज - 12

## अग्रवाल कॉलेज के छात्र ने तीरंदाजी में लहराया परचम

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के छात्र सागर शर्मा ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक का प्रतिनिधित्व करते हुए 23 से 28 दिसंबर 2022 गुरु काशी यूनिवर्सिटी बठिंडा में आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी तीरंदाजी चैंपियनशिप के रिकर्व राउंड में व्यक्तिगत रूप से रजत पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में 155 विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता से पहले भी छात्र सागर शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पदक प्राप्त कर अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ का नाम रोशन किया है। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने सागर शर्मा के कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया तथा शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कहा कि केवल मेहनत, लगन, धैर्य ही सफलता का मूल मंत्र है जो जीत का दृढ़ संकल्प मन में रखकर परिश्रम करता है उसे ही लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। सागर की इस उपलब्धि पर अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता ने सागर को बधाई देते हुए कहा कि कोशिश करने वाले को हमेशा सफलता मिलती है और वह अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करता है। उन्होंने आगे कहा कि खिलाड़ी राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक डॉ. जगबीर सिंह, मोहित हुड्डा और मनमोहन सिंगला उपस्थित रहे।